# होटल-होम स्टे में स्वच्छता और रेन वॉटर हार्वेस्टिंग हो अनिवार्य, रोड चौड़ीकरण कार्य में भी लाएं तेजी

**▸ भीषण गर्मी में जनता को मिलेगी राहत, चौड़ीकरण सहयोग देने के लिए आभार**





**उज्जैन।** एक तरफ जहां चौड़ीकरण के कार्य तेजी से चल रहे हैं वहीं भीषण गर्मी के दौरान नगर निगम द्वारा आम जनता को राहत देने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाने की पहल की गई है ,, होटल में भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाएंगे,प्रमुख गली मोहल्ला चौराहों पर ठंडे पानी के सिस्टम लगाए जाएंगे, ठंडी फुहार से जनता को भीषण गर्मी में आनंद की अनुमति होगी।

सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए शहर में विकास और व्यवस्थाओं को गति दी जा रही है। निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा ने एक ओर होटल एवं होमस्टे संचालकों को स्वच्छता और जल संरक्षण के लिए सख्त निर्देश दिए, वहीं दूसरी ओर शहर में चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण कर उन्हें प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश जारी किए।

## होटल संचालकों से चर्चा-यह रहे मौजूद

सोमवार को आयोजित बैठक में आयुक्त ने शहर के प्रमुख होटल व्यवसायियों से कहा कि सभी होटल एवं होमस्टे संचालक अपने प्रतिष्ठानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से स्थापित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल संरक्षण समय की बड़ी आवश्यकता है और वर्षा जल के संचय से भूजल स्तर में सुधार होगा। इसके साथ ही होटल संचालकों को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने, डस्टबिन की व्यवस्था करने, कचरे का स्वयं निष्पादन करने और पर्यटकों व श्रद्धालुओं को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर आयुक्त संतोष टैगोर, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल सहित होटल व्यवसायी पंडित राजेश त्रिवेदी, मनोज अग्रवाल, मुकेश कुमार, राजेश शर्मा, भरत सोनी, राम शर्मा और अन्य उपस्थित रहे।

## चरणबद्ध चले निर्माण, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हो चौड़ीकरण

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने कहा तेज गति और उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाए। नाली निर्माण कार्य को चरणबद्ध और तय समयसीमा में पूर्ण करने, एलाइनमेंट व लेवल बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। उन्होंने अधिकारियों को प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर प्रगति रिपोर्ट लेने के निर्देश भी दिए। इसी क्रम में आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सिंहस्थ 2028 के तहत शहर में चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के तहत करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आंतरिक मार्गों को चौड़ा किया जा रहा है। आयुक्त ने कंठाल चौराहे से सती गेट, कोयला फाटक, छत्री चौक से सत्यनारायण मंदिर और ढाबा रोड तक चल रहे कार्यों का जायजा लिया।

## नगर निगम आयुक्त कर रहे नागरिकों से संवाद

आयुक्त प्रतिदिन निरीक्षण और स्वच्छता को लेकर वार्डों में पहुंच रहे है और नागरिकों बातचीत कर रहे है। इसी क्रम में चौड़ीकरण के दौरान संवाद करते हुए कहा कि चौड़ीकरण कार्य में शहरवासियों का सहयोग सराहनीय है और प्रभावित लोग स्वयं आगे आकर कार्य में मदद कर रहे हैं। निगम की टीम भी हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है। निरीक्षण में हिमांशु तिवारी, आरके जैन, घनश्याम मचार, सौम्या चतुर्वेदी, राजेंद्र रावत एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### जैन समाज ने शासन स्थापना दिवस मनाया

**उज्जैन।** शासन स्थापना दिवस के अवसर पर ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी, खाराकुआं पर उज्जैन श्री संघ द्वारा ध्वजारोहण कर उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री सिद्धचक्र आराधना स्थली केसरियानाथ तीर्थ स्थित पेढ़ी पर परम पूज्य आचार्य नवरत्न सागर सूरिश्वर के आशीर्वाद एवं आचार्य विश्व रत्न सागर सूरिश्वर की प्रेरणा से, आचार्य मुक्ति सागर एवं साध्वी चारुधर्मा की पावन निश्रा में यह आयोजन संपन्न हुआ। प्रात: 8 बजे चतुर्वेदी संघ के साथ भक्ति गीत एवं नृत्य के साथ ध्वज यात्रा निकाली गई। नवरत्न महिला मंडल अध्यक्ष पदमा जैन ने बताया कि जिस प्रकार देश में 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को ध्वजारोहण किया जाता है, उसी प्रकार जैन समाज वैशाख सुदी ग्यारस के दिन ध्वजारोहण कर इस पर्व को मनाता है। कार्यक्रम पश्चात लड्डू की प्रभावना विभिन्न समाजजनों ने की। जिसमें संजय अपूर्व, सोराबजी महेन्द्र सिरोलिया परिवार, कोमल बेन सागरमल, अभिषेक डग परिवार एवं विशाल कुमार का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर ट्रस्ट मंडल, नवरत्न महिला मंडल, नवरत्न भक्तामर मंडल, नवरत्न बालिका मंडल एवं अन्य जैन संगठनों की सहभागिता रही। उज्जैन सहित देशभर में जैन समाज द्वारा यह शासन स्थापना दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया।




### समाज सेवा और समरसता का लिया संकल्प

**उज्जैन।** श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ जिला इंदौर की नवीन कार्यकारिणी का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके दायित्व सौंपे गए और गुरु रविदास महाराज के समता, समरसता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेशचंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि समारोह में अतिथियों ने नवीन कार्यकारिणी से समाजहित में नि:स्वार्थ भाव से कार्य करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में भगवान सिंह परमार उपस्थित रहे। वहीं श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ भारत के ओमप्रकाश मोहने, अनिल वर्मा, पृथ्वीराज उस्ताद और करण गोलिया ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर विश्वमहापीठ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेशचंद्र सूर्यवंशी दताना, सदाजप महाराज, मुकेश सूर्यवंशी, गोविंद कजरे, प्रकाश जाटव, प्रकाश सेरोके, राजेंद्र जादोरिया, शेरा बामने, गुलाब सूर्यवंशी, रवींद्र कुमार, सुनीता कुनारे, रीना खरेटिया, रचना जाटव और नीरज रोजिया सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा साथी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### जेल चिकित्सा शिविर का आयोजन

**उज्जैन।** केन्द्रीय जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू द्वारा बताया गया कि गत दिवस जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीसी गुप्ता ने केंद्रीय जेल का भ्रमण किया गया। पश्चात उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश पालन में स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ कर बंदियों से संवाद किया गया। जेल मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में उपस्थित डॉ. पंकज टांक, शल्य क्रिया विशेषज्ञ द्वारा 28-बंदी, डॉ. अनिता जोशी, स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 02-महिला बंदी, डॉ. लक्ष्मीनारायण उईके, अस्थि रोग विशेषज्ञ द्वारा 18-बंदी, डॉ. निलेश चंदेल नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा 24-बंदी, डॉ. अंशु वर्मा ईएनटी विशेषज्ञ द्वारा 22-बंदी, डॉ. प्रदीप सोमेश शिशु रोग विशेषज्ञ ने 2-बच्चे, डॉ. अंकिता आग्नेय चिकित्सा विशेषज्ञ ने 37-बंदी, डॉ. अमित सोनी कैंसर रोग विशेषज्ञ ने 2-बंदी, डॉ. विजय मरमट टीबी एवं क्षय रोग चिकित्सक द्वारा 5-बंदी, कुल-225 बंदियों की जांच कर उपचार सुझाया गया। इस अवसर पर जसमनसिंह डावर उप अधीक्षक, डाली विश्वकर्मा मेलनर्स एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

### जेल लोक अदालत का आयोजन

**उज्जैन।** केन्द्रीय जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू ने बताया गया कि मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार गत दिवस को केन्द्रीय जेल उज्जैन पर विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष जेल लोक अदालत के आयोजन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार भाटी, सप्तम् सिविल न्यायाधीश राघवेन्द्र पटेल, पंचम सिविल न्यायाधीश सारिका भाटी, पैरालीगल वालिंटियर रितेश क्षोत्रीय, अंजू भाटिया द्वारा केन्द्रीय जेल उज्जैन में निरुद्ध, परिरुद्ध विचाराधीन, दंडित बंदियों को विधिक सहायता के संबंध में 8 बंदियों से चर्चा कर 1 के प्रकरण में राजीनामा होने से निराकरण किया। इस अवसर पर जसमनसिंह डावर उप अधीक्षक, सुरेश गोयल, प्रवीण कुमार मालवीय एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

# डॉ. चौधरी ने शिक्षक संचेतना को दिया राष्ट्रव्यापी स्वरूप

**▸ राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के 23 वर्ष पूर्ण होने पर 375वीं राष्ट्रीय आभासी गोष्ठी का आयोजन**

**उज्जैन।** राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के 23 वर्ष पूर्ण होने पर 375वीं राष्ट्रीय आभासी गोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना की व्याप्ति और डॉ. प्रभु चौधरी की भूमिका% विषय पर आयोजित इस गोष्ठी में वक्ताओं ने डॉ. चौधरी के योगदान पर विस्तार से चर्चा की। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक, हिंदी विभागाध्यक्ष एवं संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्रकुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि डॉ. प्रभु चौधरी का व्यक्तित्व दूरदर्शिता, अनुकूलशीलता, स्पष्टवादिता, त्वरित निर्णय क्षमता और संवेदनशीलता जैसे गुणों से संपन्न था। उन्होंने ही राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना को राष्ट्रव्यापी स्वरूप प्रदान किया।

नागरी लिपि परिषद् के महामंत्री डॉ. हरि सिंह पाल ने डॉ. प्रभु चौधरी के नाम पर एक पुरस्कार शुरू करने और उनके कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही। मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय मार्गदर्शक डॉ. हरीशकुमार सिंह ने उनकी स्मृति में एक ग्रंथ प्रकाशित करने का सुझाव दिया। वहीं, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा येरेकर ने संस्था के विधिवत रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता पर जोर दिया। महाराष्ट्र इकाई की सचिव डॉ. शहनाज़ शेख ने कहा कि डॉ. चौधरी हर कार्य को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी मानकर सफल बनाते थे। भूतपूर्व शिक्षा अधिकारी और संरक्षक बीके शर्मा ने उनकी अद्भुत संगठन क्षमता की सराहना की। मध्य प्रदेश इकाई की राष्ट्रीय संयोजक डॉ. अरुणा सर्राफ ने बताया कि डॉ. चौधरी ने ही उन्हें मंच पर बोलना सिखाया। छत्तीसगढ़ संयोजक डॉ. मुक्त कान्हा कौशिक उन्हें कार्यक्रमों का सूत्रधार मानती थीं, जबकि मुमताज ने उन्हें पितातुल्य बताया। संयोजक पदमचंद गांधी ने कहा कि वे हर क्षेत्र और विषय पर कार्यक्रम आयोजित करवाते थे।

## शुभारंभ राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रश्मि चौबे ने किया

गोष्ठी का शुभारंभ गाजियाबाद की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रश्मि चौबे द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। डॉ. चौबे ने ही कार्यक्रम का सुव्यवस्थित संचालन किया और डॉ. चौधरी की कार्यशैली पर अपने विचार भी रखे। इस अवसर पर डॉ. प्रभु चौधरी के पुत्र जीतेन्द्र चौधरी सहित अनेक सदस्य और गणमान्य उपस्थित रहे।

# लापरवाह अधिकारियों को थमाए नोटिस



**▸ समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त ने की निगम कार्यो की समीक्षा**

**उज्जैन। निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा सोमवार को नगर निगम कार्यालय शिवाजी भवन में टीएल बैठक मे समयावधि पत्रों की समीक्षा की गई।**

निगम आयुक्त ने टीएल बैठक मे समयावधि पत्रों की समीक्षा करते हुए शिल्पज्ञ विभाग, कॉलोनी सेल, स्वास्थ्य, पीएचई, अमृत, भवन अनुज्ञा, अन्यकर इत्यादि विभागों के प्रकरणों की समीक्षा की। साथ ही निर्देशित किया कि शिकायतों को लंबित नहीं रखा जाए, जो शिकायतें एवं प्रकरण टीएल में प्राप्त हुए उनके संबंधित अधिकारियों के साथ वन टू वन चर्चा की गई और निर्देशित किया कि प्रत्येक सोमवार को समय अवधि पत्रों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही नोटशीट एवं विभागीय कार्यों का ई ऑफिस पर कार्य शत प्रतिशत रूप से किया जाए। समीक्षा के दौरान ऐसी शिकायत प्राप्त हुई जिनका निराकरण संबंधित अधिकारियों द्वारा नहीं किया गया। इसके संदर्भ में निगम आयुक्त द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर आयुक्त संतोष टैगोर, पवन कुमार सिंह, संदीप शिवा, पुनीत शुक्ला, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य सहायक आयुक्त प्रफुल्ल गठरे, राघवेंद्र सिंह पालिया, कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार, आरके जैन, दीपक शर्मा उपस्थित रहे।

# महापौर मुकेश टटवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लिखा पत्र...

**▸ शिक्षा का अधिकार : गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों को मान्यता प्राप्त स्कूलों में मिले प्रवेश**

**उज्जैन।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अभिभावकों के बच्चे मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में निशुल्क अध्ययन कर रहे हैं। किन्तु शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में कक्षा 8 वीं तक ही नि:शुल्क अध्ययन का प्रावधान है। निजी विद्यालयों में कक्षा 9 में नि:शुल्क प्रवेश नहीं दिया जाता है।

शासकीय उत्कृष्ट, सांदीपनि विद्यालयों एंव अन्य शासकीय विद्यालयों में भी इन छात्रों को प्रवेश यह कहकर नहीं दिया जाता है कि वे पहले शासकीय विद्यालयों के बच्चों को ही प्रवेश देंगे। इस विषय को संज्ञान में लाते हुए महापौर मुकेश टटवाल ने मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कक्षा 8 उत्तीर्ण होने के उपरांत कक्षा 12 तक निशुल्क अध्ययन की व्यवस्था जारी रखे जाने हेतु नियमों में संशोधन करने की कृपा करें एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, सांदीपनि विद्यालय एवं अन्य शासकीय विद्यालयों में भी इन बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश प्राप्त हो सके। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश प्रसारित करने का कष्ट करें।

# मामूली बात पर उंडासा तालाब के पास युवक पर चाकू से हमला

**▸ घायल सुनील उर्फ भूरा पिता भगवान राठौर निवासी एकतानगर थाना नीलगंगा क्षेत्र का रहने वाला**

**उज्जैन। मामूली बात पर हुए विवाद में उंडासा तालाब के पास आधा दर्जन युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर घायल युवक को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

चिमनगंज थाना सहायक उपनिरीक्षक दिनेश सारोठिया ने बताया कि रात में चरक अस्पताल से सूचना मिली थी कि चाकूबाजी में घायल सुनील उर्फ भूरा पिता भगवान राठौर निवासी एकतानगर थाना नीलगंगा को कुछ लोग उपचार के लिए लेकर पहुंचे हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज किया। इस दौरान सामने आया कि उसे पर चाकू से विनीत, लक्की, अभिषेक, सतीश और उसके साथियों ने हमला किया है। घायल के अनुसार उंडासा तालाब के पास मान का कार्यक्रम रखा गया था। हमला करने वाले भी कार्यक्रम में आए हुए थे दिन में मामूली बात पर विवाद हो गया था। देर शाम अंधेरा डालने के बाद कार्यक्रम समाप्त होने पर घर लौट रहे थे इस दौरान दिन में विवाद करने वालों ने आकर चाकू से हमला कर दिया। घटना के समय परिवार भी मौजूद था, जो अस्पताल लेकर पहुंचे हैं। हमला करने वाले जीवाजीगंज क्षेत्र के रहने वाले हैं। सहायक उपनिरीक्षक के अनुसार मामले में नामजद चार आरोपी और अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई। डॉक्टरी रिपोर्ट मिलने पर मामले में धारा का इजाफा किया जाएगा।

## शराब दुकान के पास मिली वृद्ध की लाश

उज्जैन। शराब दुकान के पास से रविवार रात 10 बजे के लगभग एक वृद्ध की लाश बरामद की गई। मृतक की जेब से आधार कार्ड मिलने पर उसकी पहचान की गई है। चिंतामण थाना पुलिस ने बताया कि राजाराम रिसोर्ट के पास शराब दुकान के सामने एक वृद्ध की लाश पड़ी होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। आसपास के लोगों से पहचान के प्रयास किए गए लेकिन किसी ने भी मृतक वृद्ध को नहीं पहचाना। मृतक की तलाशी लेने पर उसके पास से आधार कार्ड बरामद हो गया। जिसके आधार पर लाल पिता मुन्ना राठौर निवासी आदर्श राजीव नगर हरीफाटक ब्रिज का होना सामने आया। शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंच कर परिजनों को सूचना दी गई। सोमवार सुबह पोस्ट मार्टम कराया गया। आशंका जताई जा रही है कि गर्मी अधिक होने और शराब पीने की वजह से उसकी मौत हुई है। जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर होगा।

# काव्यांजलि की काव्य गोष्ठी में कवियों ने रचनाओं से बांधा समां

**▸ ट्रंप पर व्यंग्य से मां की महिमा तक, साहित्यकारों ने दी शानदार प्रस्तुतियां**

**उज्जैन।** संस्था काव्यांजलि की त्रैमासिक काव्य गोष्ठी संपन्न हुई। इस अवसर पर रचनाकारों ने अपनी बेहतरीन कविताओं और गजलों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि डॉ. अखिलेश चौरे और विशेष अतिथि राकेश चौरड़िया थे। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि सुगनचंद जैन ने की। शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात संगीता तल्लेरा ने मालवी भाषा में सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। संस्था के संयोजक राकेश खेमसरा ने संस्था की वर्तमान गतिविधियों और कार्यक्रमों की जानकारी दी। डॉ. अर्चना बाफना ने मां की महिमा का बखान करते हुए पढ़ा, मां की दुआओं का होता है ऐसा असर, कि मौत भी हो जाती है बेअसर। राकेश चौरडिया ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर तंज कसते हुए कहा, मौत का सामान है तू, शस्त्र की दुकान है तू, बात करता शांति की, है बड़ा बेईमान तू। डॉ. अखिलेश चौरे ने उतर आए वह हौले से दिल में निगाहों से, मिला है जीने का हौसला आपस की चाहों से सुनाकर मंत्रमुग्ध किया। अनिल पांचाल, सुगनचंद जैन ने भी रचना पाठ किया। राकेश खेमसरा ने सभी अतिथियों, रचनाकारों और श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

## नहीं आपके आने की कुछ आस है बाबूजी

गोष्ठी के दौरान कवियों ने विविध रसों और विषयों पर अपनी रचनाएं पढ़कर श्रोताओं की भरपूर दाद प्राप्त की। राकेश खेमसरा ने नहीं आपके आने की कुछ आस है बाबूजी, फिर भी मिलने का दिल को विश्वास है बाबूजी सुनाकर भावविभोर कर दिया। कवि अमित जैन ने नाम तुम्हारा दो अक्षर का जिक्र करूं तो सदियां कम की प्रस्तुत की।

# ग्रीष्म ऋतु में लू से रहें सावधान...

**उज्जैन।** वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु के मौसम के दौरान बढ़ती धूप की तपन (लू) से बचाव हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा आमजन को निम्नलिखित बातों का ध्यान रखने की अपील की गई है। घर से बाहर निकलने से पहले भरपेट पानी अवश्य पिएं।

धूप में जाते समय सूती कपड़े पहनें और सिर तथा कान को सूती कपड़े से ढक कर रखें। धूप में घूमने वाले व्यक्ति नमक, शक्करयुक्त कोई तरल पदार्थ या ओ.आर.एस. घोल का अधिक सेवन करें। नींबू पानी, आम की कचरी का पना, शिकंजी या मट्ठा अधिक से अधिक पिएं। भरपेट भोजन करके ही बाहर निकलें। हमेशा ताजा भोजन, फल और सब्जियाँ खाएँ। यथा संभव धूप में अधिक न निकलें। धूप में खाली पेट न निकलें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। बुखार में शरीर का तापमान न बढ़ने दें, ठंडे पानी की पट्टी रखें। कूलर या कंडीशनर से धूप में एकदम न निकलें। मिर्च-मसाले युक्त भोजन न करें। बासी भोजन, बासी फल, बासी सलाद न खाएं।

**दूसरा बड़ा अन्नक्षेत्र** ▸ श्रद्धालुओं को निशुल्क भोजन, सिंहस्थ में बड़ा लाभ-मंदिर परिसर में करोड़ों रुपए की लागत से बनाया रामनाथ महाराज के सानिध्य में

# महाकाल मंदिर के बाद उज्जैन के बगलामुखी में दूसरा सबसे बड़ा अन्नक्षेत्र, हाईटेक मशीन आई

**उज्जैन। उज्जैन के भैरवगढ़ रोड पर स्थित प्रसिद्ध मां बगलामुखी धाम मंदिर परिसर में करोड़ों रुपए की लागत से बने अन्नक्षेत्र का भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर गादीपति योगी पीर महंत रामनाथ महाराज के सानिध्य में संत-महंत एवं ब्राह्मणों ने पूजन-अर्चन कर समारोहपूर्वक शुभारंभ किया।**



उल्लेखनीय है कि यह अन्नक्षेत्र महाकाल मंदिर के बाद उज्जैन का दूसरा सबसे बड़ा अन्नक्षेत्र है। जिसमें आधुनिक मशीनों से भोजन प्रसादी तैयार होगी और प्रतिदिन श्रद्धालु यहां नि:शुल्क भोजन ग्रहण कर सकेंगे। इस अन्नक्षेत्र का निर्माण भोसरी पुणे महाराष्ट्र के उद्योगपति बालासाहेब हीरामण लांडगे ने योगी पीर महंत रामनाथ की प्रेरणा से कराया है। इस विशाल अन्नक्षेत्र में भक्तों को प्रतिदिन निर्धारित समय पर नि:शुल्क भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जाएगी। सिंहस्थ 2028 में भक्तों को इसका बड़ा लाभ मिलेगा।

## पंजाब से आई मशीनें, महाकाल मंदिर के बाद दूसरा बड़ा अन्नक्षेत्र

मां बगलामुखी धाम मंदिर में नवनिर्मित अन्नक्षेत्र में भोजन निर्माण के लिए पंजाब से हाईटेक मशीनें उज्जैन लाई गई है। यह अन्नक्षेत्र उज्जैन के महाकाल मंदिर समिति के नि:शुल्क अन्नक्षेत्र के बाद दूसरा सबसे बड़ा अन्नक्षेत्र होगा। जहां इतने विशाल स्तर पर निर्मित किया गया है। प्रतिदिन यहां हजारों लोग भोजन प्रसादी ग्रहण कर सकेंगे। ट्राली से भोजन परोसा जाएगा। पीने के पानी के लिए आरओ सिस्टम भी लगाया जा रहा है।



## अभिनेत्री निकिता दत्ता ने किए महाकाल के दर्शन

फिल्म अभिनेत्री निकिता दत्ता ने सोमवार को उज्जैन में ज्योतिर्लिंग महाकाल के दर्शन किए। वे सुबह मंदिर पहुंची थी। उनके साथ कुछ पारिवारिक लोग भी थे। निकिता ने गर्भगृह के बाहर से दर्शन किए। इसके बाद नंदीहाल में बैठकर पूजन-अर्चन संपन्न किया। मंदिर समिति ने अभिनेत्री दत्ता का सम्मान किया।